दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 265 इंदौर, बुधवार 05 अप्रैल, 2023 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- जॉनसन एंड जॉनसन का 890 करोड़ डॉलर का ऑफर: खुद के खिलाफ हुए केस को खत्म करवाना चाहती है कंपनी, लगा है बड़ा आरोप
- दिल्ली: भगवा झंडे का कथित तौर पर अपमान करने वाला अजीम गिरफ्तार, धार्मिक भावना भड़काने का केस दर्ज
- Karnataka Election : JDS को बड़ा झटका, BJP में शामिल हुए पूर्व सांसद एलआर शिवराम गौड़ा
- Kerala Train Fire: महाराष्ट्र के रत्नागिरी से पकड़ा गया ट्रेन में आग लगाकर तीन की जान लेने वाला, ATS ने दबोचा
- Telangana: संजय बंदी के बचाव में हाईकोर्ट पहुंची भाजपा, समर्थकों ने पुलिस थाने को घेरा
- जज पर ही भड़के डोनाल्ड ट्रंप: बोले- उनकी बेटी ने कमला हैरिस के लिए काम किया, असली अपराधी तो अटॉर्नी है

# मंत्री कराएंगे प्रभार के जिलों में कुओं और बावड़ियों का परीक्षण

### ट्यूबवेल खुला छोड़ने वालों के विरुद्ध होगी एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । इंदौर के बावड़ी हादसे और खुले ट्यूबवेल से होने वाली दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने तय किया है कि ट्यूबवेल खुला छोड़ने वालों के विरुद्ध एफआइआर कराई जाएगी। सभी मंत्री अपने प्रभार के जिले में खुले ट्यूबवेल, कुओं, बावड़ियों का परीक्षण कराएंगे और उनकी सूची भी बनवाई जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए कही। बैठक के प्रारंभ में इंदौर दुर्घटना के दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को भी लोगों के जीवन से खेलने का अधिकार नहीं है। इंदौर की घटना हमारे लिए सबक है। जिन कुओं, बावड़ियों को बिना भरे ढक दिया गया है, उन्हें खुलवाकर ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे दुर्घटना की कोई संभावना न रहे।

एक अप्रैल से लागू आबकारी नीति के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि नीति के प्रविधान का शत-प्रतिशत पालन हो गया है। शराब दुकानों के साथ संचालित हो रहे सभी दो हजार 611 अहाते बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों और धर्म-स्थलों के 100 मीटर के दायरे में स्थित 232 शराब दुकानों को भी बंद कर दिया है। किसानों को खरीफ फसल के लिए उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़ा, इसके लिए अग्रिम भंडारण किया जाएगा। इस व्यवस्था में जो ब्याज का भार आएगा, उसका भुगतान सरकार करेगी।

### ● ग्वालियर में 16 अप्रैल को होगा डॉ. आंबेडकर महाकुंभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि 14 अप्रैल को सभी जिलों में डा. आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम होंगे। 16 अप्रैल को ग्वालियर में डा. आंबेडकर महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा।

### ● जनता का अभियान बन गई लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की प्रगति की जानकारी भी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को दी। उन्होंने बताया कि यह पहली योजना है जो जनता का अभियान बन गई है। सर्वर डाउन हुआ तो लोग सड़कों पर बैठकर आवेदन भर रहे हैं। अब तक 47 लाख 94 हजार पंजीयन हो चुके हैं। तीन अप्रैल तक लगभग 50 प्रतिशत के आसपास आंकड़ा पहुंच गया था। योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह है और यह आप सभी भी महसूस कर रहे होंगे। सोमवार को बैतूल में लाड़ली बहना सम्मेलन में लगभग एक लाख बहनें थी। बैतूल के इतिहास में आज तक इतनी बड़ी सभा कभी नहीं हुई।

### ● नगरीय निकाय और पंचायतें एक माह में करें ट्यूबवेल, कुओं और बावड़ियों का सर्वे

प्रदेश में एक माह के भीतर नगरीय निकाय और पंचायतों को ट्यूबवेल, कुओं और बावड़ियों का सर्वे करना होगा। जिन भूमि स्वामी की भूमि पर खुले ट्यूबवेल, कुएं और बावड़ी पाए जाएंगे, उन्हें पाटने होगा। अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजौरा ने मंगलवार को सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि एक माह के भीतर इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। यदि संबंधी भूमिस्वामी निर्धारित समयसीमा में काम पूरा करते हैं तो संबंधित निकाय अनुविभागीय अधिकारी को लिखित सूचना देंगे। ऐसे खुले ट्यूबवेल, कुएं और बावड़ियों पर से अवैध निर्माण हटाकर पाटने की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी कराएंगे। इस कार्य में व्यय होने वाली राशि भी भूमि स्वामी से ही वसूल की जाएगी। साथ ही भूमि स्वामी के विरुद्ध आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

# क्या सरकार इस समय फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है- शशि थरूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने मंगलवार को केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल खड़ा किया और साथ ही जाति के नाम पर देश को बांटने का आरोप लगाया। थरूर मंगलवार को शहर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि क्या सरकार डिवाइड एन्ड रूल (फूट डालो राज करो) की नीति पर चल रही है? उन्होंने कहा कि जिन्होंने धर्म आधारित राजनीति को सुना वे पाकिस्तान चले गए। बाकी गांधी जी, नेहरू जी, सरदार पटेल के भारत को चुना। हमने सबके लिए भारत बनाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े विचारधारा ने तब भी इसे पसंद नहीं किया, अब भी पसंद नहीं है। कांग्रेस संविधान को पूरा सम्मान देना चाहती है। कोई हिन्दू खतरे में नहीं है, संविधान जरूर खतरे में है। ऐसे ही चलता रहा तो पार्टिशन इन द स्वाइल ऑफ इंडिया हुआ था, अब पार्टिशन इन सोल ऑफ इंडिया होगा।

भारत की धार्मिक विविधता का उदाहरण 1971 का पाकिस्तान युद्ध है। इस युद्ध में भारतीय सेना की विभिन्न कमानों की अगुआई पारसी, सिख, मुस्लिम, ईसाई आदि धर्मों के लोग थे।

# गेहूं के दाम को लेकर लक्ष्मीबाई मंडी में किसानों का फिर हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गेहूं के दामों को लेकर इंदौर की लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में मंगलवार दोपहर एक बार फिर हंगामा हो गया। आधे दिन का व्यापार होने के बाद कुछ किसानों ने उपज के कम दाम मिलने की शिकायत की। किसान और किसान नेताओं ने मांग रखी कि मंडी में भी गेहूं की नीलामी समर्थन मूल्य से नीचे पर नहीं होना चाहिए। दोपहर होते-होते कुछ किसान मंडी के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और एमआर-5 पर जाम लगा दिया।

किसान मांग कर रहे थे कि मंडी में गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य 2115 रुपये से कम में नहीं खरीदा जाए। व्यापारी इसी दाम से बोली शुरू करें। किसानों के समर्थन में कांग्रेस नेता भी पहुंच गए। मंडी सचिव व अन्य अधिकारी भी आ गए। चर्चा के लिए मंडी के व्यापारी प्रतिनिधियों को भी बुलाया। किसानों और व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ मंडी अधिकारी विवाद का हल निकालने में जुटे रहे।

### एफएक्यू खरीदेंगे

व्यापारियों ने सहमति दी है कि एफएक्यू गुणवत्ता वाला गेहूं समर्थन मूल्य से ज्यादा में ही खरीदा जाएगा। जिस किसान को गेहूं के दाम उचित नहीं लगते हैं, उसे नीलामी के बाद भी अपनी उपज वापस ले जाने की छूट रहेगी।

**नरेश परमार, मंडी सचिव**

### व्यापारियों का कहना- अनुचित दबाव बना रहे

व्यापारियों ने कहा कि हम पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। हल्की क्वालिटी के पानी लगा गेहूं जो खुद सरकार भी समर्थन मूल्य पर हो रही सरकारी खरीदी में लेने से इनकार कर रही है, उसे व्यापारियों को ऊंचे दाम पर लेने के लिए कैसे कहा जा सकता है। व्यापारी तो गेहूं 2000 रुपये से लेकर 2900 रुपये प्रति क्विंटल में भी खरीद रहे हैं। अच्छी गुणवत्ता वाला गेहूं जो आगे अच्छे दाम पर बिकेगा, उसकी कीमत ज्यादा दी जा रही है। ऐसा है तो प्रशासन को कह देना चाहिए कि अच्छी क्वालिटी के गेहूं भी 2115 रुपये पर किसान बेच दे।

### गेहूं से निर्यात प्रतिबंध हटाएं

व्यापारियों ने कहा कि सरकार ने खुद एफएक्यू क्वालिटी का पैमाना अपने लिए तय कर दिया है। गेहूं की कीमतें ऊपर ले जानी हैं तो निर्यात प्रतिबंध हटा देना चाहिए। निर्यात होगा तो हर तरह का गेहूं 2300 रुपये से ऊपर बिकेगा। एक घंटे चली चर्चा के बाद मंडी में व्यापार फिर शुरू हो सका।

### 2900 तक खरीद रहे हैं

अच्छी क्वालिटी का गेहूं मंगलवार को भी 2900 रुपये के दाम पर खरीदा। खराब गेहूं जो खुद सरकार नहीं खरीद रही, उसे व्यापारियों को ऊंची कीमत देकर खरीदने का दबाव नहीं बनाया जा सकता। किसान पर उपज बेचने की जबरदस्ती नहीं है। बेहतर है सरकार को हर तरह का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदना चाहिए।

# अब 8 अप्रैल से होगी तीसरी से सातवीं कक्षा की परीक्षा, टाइम टेबल में बदलाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बुधवार से शुरू होने वाले तीसरी से सातवीं कक्षा की परीक्षा को कुछ दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने यह फैसला लिया है। मंगलवार को परीक्षा के टाइम टेबल में संशोधन कर दिया है। केंद्र ने आदेश जारी कर दिया है। अधिकारियों ने परीक्षा आगे बढ़ाने के पीछे कुछ जिलों में प्रश्न पत्र और उत्तरपुस्तिका की छपाई नहीं होना बताया है। इसके चलते केंद्र ने 8 अप्रैल से परीक्षा रखी है। मामले में संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है।

प्रदेशभर में आने वाले 52 जिलों में बुधवार से तीसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा की परीक्षा शुरू होने वाली थी। इसमें 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। मगर तीन दिन पहले केंद्र ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई। इसमें कुछ जिलों के अधिकारियों ने प्रश्न पत्र और उत्तरपुस्तिका प्रिंट नहीं होने के बारे में बताया। उन्होंने तर्क दिया है कि परीक्षा से जुड़ी सामग्री स्कूलों में नहीं वितरित की गई है। इसके चलते परीक्षा करवाना संभव नहीं है।

### पेपर और उत्तरपुस्तिका ही नहीं छपी

जिलों से परीक्षा गतिविधियों को लेकर मिली रिपोर्ट के आधार पर अधिकारियों ने मंथन किया। मंगलवार को केंद्र ने परीक्षा को चार दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है। अकेले इंदौर जिले में 800 से अधिक स्कूलों में परीक्षा होना है, जिसमें 25 से 35 हजार विद्यार्थी बैठेंगे। जिला परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर ने कहा कि कुछ दिनों में परीक्षा सामग्री नहीं पहुंची है। प्रश्न पत्र और कापियां छापने का काम बाकी है। अब 8 से 15 अप्रैल के बीच परीक्षा करवाई जाएगी। सुबह 9 से 11.30 बजे के बीच पेपर रखे गए हैं।

# अब शुरू हुई वीआइपी नंबरों की नीलामी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवरात्र से पहले वाहनों की नई सीरीज एमपी 09 जेडएन शुरू हो गई थी, लेकिन परिवहन विभाग ने वीआइपी नंबर अपलोड़ नहीं किए थे। इससे नवरात्र में वाहन खरीदने वाले लोगों को सामान्य नंबरों पर ही संतोष करना पड़ा, लेकिन अब परिवहन विभाग ने वीआइपी नंबरों को नीलामी के लिए अपलोड़ कर दिया है।

नवरात्र में इंदौर में सबसे ज्यादा वाहन बिकते हैं। यही वजह है कि नवरात्र के दौरान सामान्य श्रेणी के नौ हजार से ज्यादा नंबर की बिक्री हो गई। हालांकि, लोगों को उम्मीद थी कि नई सीरीज एमपी 09 जेडएन के वीआइपी नंबर वाहन पोर्टल पर नीलामी के लिए अपलोड़ किए जाएंगे, लेकिन परिवहन विभाग ने सिर्फ सामान्य श्रेणी के नंबरों को ही अपलोड़ किया। नवरात्र में गाड़ी खरीदने के मुहूर्त के कारण लोगों को सामान्य नंबर खरीदने पड़े। मसलन, लिंबोदी में रहने वाले अजय कुमार ने बताया कि कार के लिए स्पेशल नंबर 1212 लेना चाहते थे, लेकिन रामनवमी पर कार खरीदने के मुहूर्त के कारण दूसरा नंबर ही लेना पड़ा।

### नवरात्र में अधिक मिलता राजस्व

बता दें कि लाखों रुपये की महंगी गाड़ियां खरीदने वाले बहुत सारे लोग वीआइपी नंबरों के लिए भी बड़ी राशि खर्च करते हैं। यदि उनको नवरात्र में वीआइपी नंबर उपलब्ध होते तो उनसे परिवहन विभाग को अधिक राजस्व मिलता। आरटीओ में नवरात्र में 9380 से ज्यादा सामान्य श्रेणी के नंबरों की बिक्री हुई। नई सरीज शुरू होने के 10 दिन बाद अब 368 वीआइपी नंबरों को नीलामी के लिए अपलोड़ किया गया है। वीआइपी नंबर के लिए गुरुवार तक बोली लगाई जाएगी। इस बार भी 0001 नंबर नीलामी में सबसे ज्यादा बिकने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### वीआइपी नंबर अपलोड करने का भी नियम है

**वीआइपी नंबरो को अपलोड़ करने का नियम तय है, इसलिए नई सीरीज जारी होने के पहले सप्ताह में वीआइपी नंबरों को अपलोड़ नहीं किया गया। अब इस सप्ताह वीआइपी नंबरों को अपलोड़ कर दिया गया है। जिनकी नीलामी शुरू हो चुकी है।**

**- अर्चना मिश्रा, एआरटीओ इंदौर**

# भूखंड बेच दिए, विकास नहीं कराया कालोनाइजर पर होगी एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भूखंड बेचने के सालों बाद भी विकास कार्य पूरे नहीं कराने पर अब सख्ती की जाने लगी है। कालोनाइजरों की धोखाधड़ी पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लिंबोदी की पीस पाइंट कालोनी में विकास कार्य नहीं कराने पर कलेक्टर इलैया राजा टी ने कालोनी के डायरेक्टर बिजेंदर सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, असरावद खुर्द और मिर्जापुर में सैटेलाइट वैली फेज-वन और फेज-टू में कालोनाइजर अतुल सुराणा और अरुण डागरिया की ओर से बंधक प्लाट बेचने की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

मंगलवार को प्रदीप ममतानी, मोहित यादव, रोहित मीणा, हरीश मंडलोई, गगन कालरा सहित कई पीड़ितों ने कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पीस पाइंट कालोनी के बारे में शिकायत की। पीड़ितों ने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में पीस पाइंट कालोनी में प्लाट खरीदे थे। प्लाट खरीदते समय कालोनाइजर ने वादा किया था कि कालोनी का विकास एक साल में वर्ष 2019 तक कर दिया जाएगा, लेकिन चार साल बाद भी कालोनी का विकास नहीं कराया गया है। इस वजह से उनको भूखंडों पर निर्माण की अनुमति नहीं मिल पा रही है।

### बंधक रखे 128 प्लाट भी बेच दिए

शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से कहा कि उन जैसे भूखंडधारकों से लिए गए पैसे से ही कालोनाइजर लिंबोदी में खुद का भव्य बंगला बना रहा है, लेकिन कालोनी में विकास कार्य नहीं कर रहा। दूसरी तरफ, सैटेलाइट वैली में भूखंड खरीदने वाले बाबू कुशवाह, संजय ठाकुर, सरोज मित्तल आदि ने कलेक्टर से शिकायत की कि कालोनाइजर ने बंधक रखे गए 128 प्लाट अवैध तरीके से विक्रय कर दिए हैं, जबकि कालोनी का विकास कार्य पूरा नहीं कराया है।

### गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे को तत्काल एक लाख की सहायता

जनसुनवाई में रामानंद नगर निवासी राकेश सेन और रमा सेन अपने 13 वर्षीय बेटे नैतिक को लेकर पहुंचे। नैतिक के पिता ने बताया कि बेटे के बोनमैरो में दिक्कत है। इससे बार-बार प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ता है। डाक्टरों ने जांच करके बताया कि चार महीने इसका उपचार चलेगा, लेकिन यह इलाज बहुत महंगा है। दवाई से ठीक नहीं हुआ तो बोनमैरो ट्रांसप्लांट कराना पड़ सकता है। राकेश ने कहा कि वह फोटोग्राफी करके परिवार चलाते हैं। इतना पैसा नहीं है कि महंगा इलाज करा सकूं। इस कलेक्टर इलैया राजा ने उपचार के लिए रेडक्रास सोसायटी से तत्काल एक लाख रुपये का चेक उपलब्ध कराया। यह भी आश्वस्त किया कि यदि बोनमैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ी तो उसमें भी मदद की जाएगी।

### तीन साल पहले जारी हुए रुपये, अब तक नहीं मिले

मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम में ड्राइवर की नौकरी करने वाले बुजुर्ग शांतिलाल सोलंकी ने अपर कलेक्टर सपना लोवंशी को शिकायत की। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग ने एक लाख 54 हजार 847 रुपये का भुगतान कराने के लिए तीन साल पहले आरआरसी जारी की थी, लेकिन आज तक उन्हें यह राशि नहीं मिल पाई है। अपर कलेक्टर ने यह मामला एसडीएम अंशुल खरे को सौंपा है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अभय बेडेकर, अजयदेव शर्मा ने भी शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

## कोरोना ने फिर बढ़ाई चिंता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इंदौर में स्वास्थ्य विभाग अब माकड्रिल करने की तैयारी में जुट गया है। दरअसल, शहर में रोजाना कोरोना के नए मरीज सामने आ रहे हैं। अभी शहर में कोरोना के 30 एक्टिव मरीज हैं। यदि मरीजों की संख्या बढ़ जाती है तो ऐसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी रखना जरूरी है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग कमर कसने जा रहा है। बता दें कि कोरोना काल में बढ़ते मरीजों की संख्या के कारण संसाधनों की कमी से कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ऐसे में, अब कोरोना को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो पाए, इसलिए माकड्रिल की जाएगी। 10 और 11 अप्रैल को पेन इंडिया माकड्रिल किया जाएगा। माकड्रिल में अस्पतालों में बेड क्षमता, आइसोलेशन बेड, आक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आइसीयू और वेंटीलेटर आदि की उपलब्धता देखी जाएगी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अलग-अलग



# मर्चुरी के फ्रीजर में रखे शव में लग गए कीड़े, अस्पताल परिसर में फैली दुर्गंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर/बीना।** सिविल अस्पताल बीना के मर्चुरी में तीन दिन से रखे अज्ञात युवक के शव को कीड़े खा रहे थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी के दरवाजे खोलते ही अंदर का दृश्य देख कर लोगों को रोंगटे खड़े हो गए। शव में कीड़े लगे हुए थे। पुलिस ने आनन-फानन में पोस्टमार्टम की औपचारिकता कराकर देर शाम शव दफन करा दिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डीप फ्रीजर खराब होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

जानकारी के मुताबिक 01 अप्रैल की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि हींगटी रोड के बाजू में खेत में अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। रात करीब 03 बजे पुलिस ने मर्ग पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा दिया। डीप फ्रीजर मे शव रखते समय पुलिस और सफाई कर्मचारियों ने घोर लापरवाही बरती। बंद फ्रीजर में शव रखकर दो दिन तक किसी ने सुध नहीं ली। मंगलवार को जब पोस्टमार्टम के लिए शव डीप फ्रीजर से बाहर निकाला गया तो लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। इसके बाद सड़ी-गली लाश को पोस्टमार्टम करने वाले सफाई कर्मचारी भी मर्चुरी से निकलकर बाहर आ गए। क्योंकि पूरी लाश पर कीड़ों की परत जम चुकी थी। बड़ी मुश्किल से एक सफाई कर्मचारी ने हिम्मत जुटाकर डा. आलोक यादव के साथ पोस्टमार्टम की औपचारिकता की। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की मदद से पुलिस ने देर शाम शव श्मशान घाट में दफना दिया।

### अस्पताल परिसर में फैली दुर्गंध

पोस्टमार्टम के लिए शव डीप फ्रीजर से बाहर निकालते ही अस्पताल परिसर में दुर्गंध फैल गई। स्थिति यह थी कि मर्चुरी से करीब 100 मीटर की दूसरे से निकलने पर लोगों को उल्टियां हो रही थीं। इस मामले में जब थाना प्रभारी कमल निगवाल से बात की तो उन्होंने कहा कि शव डीप फ्रीजर में ही रखा गया था, लेकिन फ्रीजर खराब होने से शव की यह स्थिति हुई है।

इस संबंध में अस्पताल प्रभारी डा. संजीव अग्रवाल का कहना है कि पुलिस पोस्टमार्टम कराने मेरे पास आई थी, मैंने कहा था कि मृतक की उम्र 30 साल है, कोशिश करो कि उसकी शिनाख्त हो जाए। शव डीप फ्रीजर में रखा है, इसलिए वह खराब नहीं होगा, लेकिन बात में मुझे बताया गया कि फ्रीजर 15 दिन से खराब है। शव रखते समय देखना चाहिए था कि डीप फ्रीजर बंद है या चालू।

# पत्नी को पहले भेजा लिखित तलाक फिर फोन पर पति तीन बार बोला तलाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। गोहलपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दी है। महिला ने बताया कि निकाह के बाद पति के एक युवती से प्रेम सम्बंध हो गए, जिस कारण पति ने पहले तो लिखित में तलाक भेजा और फिर दोस्त के फोन से फोन लगाकर महिला को तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कहा।**

मंगलवार सुबह तो पति ने महिला के साथ मारपीट भी की। मामले की रिपोर्ट महिला ने गोहलपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित पति पर मारपीट, दहेज प्रताड़ना और मुस्लिम विवाह अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि बेनी सिंह की तलैया निवासी महिला (32) का नकिाह मई 2015 में मोहम्मद जावेद से हुआ था। शादी के बाद सब ठीक-ठाक चला, लेकिन चार साल बाद जावेद के एक युवती से प्रेम सम्बंध बन गए। जिसके बाद से जावेद ने पत्नी से दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ति करना शुरू कर दिया था।

## सीएम को काले झंडे दिखाने वाले थे, 10 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना योजना सम्मेलन के लिए खंडवा पहुंचे थे। सीएम के आने से पहले 10 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वे राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में सीएम को काले झंडे दिखाने की रणनीति बना रहे थे। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने गांधी भवन और इंदिरा चौक पर दबिश दी। पुलिस यहां से कांग्रेस नेताओं को घसीटते हुए कोतवाली ले गई। सीएम जिले की चारों विधानसभाओं के 140 करोड़ रुपए के कामों का एक साथ भूमिपूजन और लोकार्पण करने वाले थे, लेकिन विधायकों की आपत्ति के बाद ये कार्यक्रम रद्द हो गया है।

## डॉ. जितेन शुक्ला को राज्य सरकार ने पद से हटाया

**भोपाल ।** मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने के लिए मेडिकल की हिंदी भाषा की किताबों के वितरण और प्रिंटिंग में देरी के मामले में संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) डॉ. जितेन शुक्ला को राज्य सरकार ने पद से हटा दिया। उनके स्थान पर गांधी मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. एके श्रीवास्तव को नया डीएमई बनाया गया है। इसके आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग की अवर सचिव बबीता वसुनिया से जारी किए हैं।

# युवती ने निगल लिया मोबाइल, पेट के ऊपरी हिस्से में जाकर फंसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** संसार में सिरफिरों की कोई कमी नहीं है। कोई कीलें खा लेता है तो कोई नुकीली ब्लेड तक चबा डालता है। ऐसे अनेक किस्से आपने सुने होंगे लेकिन ग्वालियर में तो एक अनोखा काम ही हो गया। यहां एक युवती ने मोबाइल फोन ही निगल लिया। जब उसे अस्पताल ले गए तो वहां के डॉक्टर भी यह देख सुनकर हैरान रह गए। जांच के बाद पता चला कि मोबाइल उसके पेट में फंसा है, इसके बाद बमुश्किल उसे निकाला गया।

मोबाइल निगलने की यह घटना भिण्ड के अमायन की है। दरअसल भाई से हुए झगड़े में बहन ने की पैड मोबाइल निगल लिया था। यह उसके पेट के ऊपरी हिस्से में अटक गया था। समय रहते युवती को ग्वालियर के जेएएच में भर्ती किया गया। जांच के बाद ऑपरेशन कर उसके शरीर से मोबाइल निकाला गया।

जानकारी के अनुसार अमायन निवासी अन्नू का चार दिन पहले अपने भाई से झगड़ा हो गया था। गुस्से में आकर उसने मोबाइल ही निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने युवती का सीटी स्कैन, एक्सरे और अल्ट्रासांउड किया। इसके बाद जीआरएमसी के सह प्राध्यापक डॉ. नवीन कुशवाह, डॉ. अश्वनी पांडे, डॉ. सुरेन्द्र चौहान की टीम ने डेढ़ घंटे में सफल ऑपरेशन कर युवती के शरीर से मुंह के जरिए मोबाइल निकाला।

जीआरएमसी के सह प्राध्यापक डॉक्टर नवीन कुशवाह ने बताया कि मोबाइल निगलने की घटना हमारे सामने पहली बार सामने आई है। हमारी टीम ने ऑपरेशन कर युवती के पेट से मोबाइल निकाल लिया है। यह मोबाइल पेट के ऊपरी हिस्से में फंसा था।

# चमकविहीन गेहूं भी समर्थन मूल्य पर खरीदेगी मध्य प्रदेश सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । शिवराज सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दस प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं भी खरीदने का निर्णय लिया है। ओलावृष्टि और वर्षा के कारण गेहूं की चमक चली गई है। इसके कारण किसान चिंतित हैं कि यदि सरकार ने समर्थन मूल्य पर यह उपज नहीं ली तो फिर उन्हें मंडियों में औने-पौने दाम पर इसे बेचना होगा। इसे देखते हुए राज्य सरकार के केंद्र से आग्रह किया था कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति को देखते हुए विशेष छूट दी जाए, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

### 32 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से दी जाएगी राहत

बैठक में बताया कि ओलावृष्टि और वर्षा से प्रभावित फसलों का आकलन कार्य शीघ्र ही पूरा कराकर राहत राशि वितरित की जाएगी। इसमें प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपये के हिसाब से राहत राशि दी जाएगी। अभी तक 72 हजार हेक्टेयर में फसलें प्रभावित होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। कुछ जिलों से जानकारी आना बाकी है। इसके साथ ही किसानों को फसल बीमा की राशि भी दिलवाई जाएगी। इसके लिए बीमा कंपनियों को अपनी कार्यवाही जल्द पूरी करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को निर्देश दिए कि वे उपार्जन कार्य पर नजर रखें और किसानों को यह जानकारी भी दें कि संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है और किसी भी सूरत में उनके हित प्रभावित नहीं होने देगी।

यह भी तय किया गया है कि दस प्रतिशत से अधिक चमकविहीन गेहूं यदि सरकार ने खरीदा तब प्रति क्विंटल पांच रुपये 31 पैसे की कटौती केंद्र सरकार करेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने यह रास्ता निकाला है कि इसकी भरपाई राज्य सरकार खुद करेगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पूर्व मंत्रियों को दी।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 15 लाख 20 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। प्रति क्विंटल दो हजार 125 रुपये की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। इसके लिए चार हजार 200 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं और खरीदी का काम पूरे प्रदेश में प्रारंभ भी हो गया है। इस बार ओलावृष्टि और वर्षा के कारण गेहूं की फसल प्रभावित हुई है।

दानों की चमक चली गई है। सामान्यतः समर्थन मूल्य पर इस तरह का गेहूं नहीं खरीदा जाता है लेकिन किसान हित को देखते हुए शिवराज सरकार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि चमकविहीन गेहूं के उपार्जन की अनुमति दी जाए। विशेष परिस्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्य के प्रस्ताव को मान्य करते हुए सामान्य तौर पर 10 प्रतिशत चमकविहीन गेहूं खरीदने की अनुमति दे दी। साथ ही यह छूट भी दी है कि दस से अस्सी प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं भी सशर्त लिया जा सकता है। इसके लिए केंद्र सरकार प्रति क्विंटल पांच रुपये 31 पैसे काटेगी। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार केंद्र के लिए विकेंद्रीकृत प्रणाली के अंतर्गत उपार्जन कराता है। इसका पूरा खर्चा केंद्र सरकार देती है। इस बार 80 लाख टन गेहूं के उपार्जन के हिसाब से तैयारी की गई है।

# जेल प्रहरी ने फूल बेचने वाले के बैंक खाते में जमा करवा दिए थे तीन करोड़ रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन । केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के कर्मचारियों के भविष्य निधि के करोड़ों रुपये के गबन के मामले में आरोपित जेल प्रहरी शैलेंद्र सिकरवार व फूल बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। मुख्य आरोपित रिपुदमन ने फूल बेचने वाले के बैंक खाते में तीन करोड़ रुपये जमा करवाए थे।**

**कर्मचारियों के भविष्य निधि के 13.50 करोड़ रुपये का गबन मामला-** बता दें कि केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के कर्मचारियों के भविष्य निधि के 13.50 करोड़ रुपये के गबन मामले में फरार चल रहे आरोपित शैलेंद्र सिकरवार को सोमवार को पुलिस ने इंदौर रोड स्थित शनि मंदिर से गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मुख्य आरोपित रिपुदमन ने काल भैरव मंदिर में फूल बेचने वाले शुभम कोरी के बैंक खाते में तीन करोड़ रुपये जमा करवाए थे। पुलिस ने शुभम को भी गिरफ्तार कर लिया। शुभम तथा शैलेंद्र को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया था। यहां से दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

### जगदीश का पुलिस रिमांड होगा खत्म

गुरुवार को पुलिस आरोपित जगदीश परमार का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश करेगी। वहीं मुख्य आरोपित जेल अधीक्षक उषा राज व सहायक लेखा अधिकारी रिपुदमन आठ अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस अब तक तीन अन्य आरोपित निकास चौराहा निवासी हरीश गेहलोत, देवास निवासी रोहित चौरसिया तथा एमआर पांच रोड निवासी सुशील परमार को जेल भेज चुकी है। पुलिस फरार जेल प्रहरी धर्मेंद्र लोधी तथा तीन सटोरियों ललित परमार, मंगेश व अमित मीणा की तलाश में जुटी है।

## संपादकीय

### चीन की मनमानी

कोई भी देश किसी जगह का नाम इस तरह अपने नक्शे में नहीं बदल सकता। इसके लिए उसे संयुक्त राष्ट्र में सूचना देनी पड़ती है। फिर उसके प्रतिनिधि उन इलाकों का सर्वेक्षण और दौरा कर उन नामों के बारे में रायशुमारी करते हैं। तब उन जगहों के नाम बदलने की इजाजत दी जाती है। ऐसे में चीन न सिर्फ भारत के खिलाफ, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के विरुद्ध भी मनमानी कर रहा है। पिछले पांच सालों में यह तीसरी बार है, जब चीन ने अरुणाचल में गांवों, नदियों, दर्रों आदि के नाम बदल कर अपना नया नाम दे दिया है। इससे पहले 2017 में छह और 2021 में पंद्रह जगहों के नाम बदल दिए थे। उसके ताजा कदम को भी वहां के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने सख्त एतराज जताया है। मंत्रालय ने कहा है कि नाम बदल देने से हकीकत नहीं बदल जाती। दरअसल, चीन सदा से अरुणाचल को अपना हिस्सा मानता रहा है, इसलिए उसे भारत के नक्शे में दर्शाता ही नहीं। मगर पिछले पांच-सात सालों में जिस तरह भारत के हिस्से वाले विवादित इलाकों पर उसने न सिर्फ अपना हक तेजी से जताना शुरू किया है, बल्कि इसके लिए दोनों देशों की सेनाएं भी आमने-सामने हो जाती रही हैं, उसे लेकर चिंता गहराना स्वाभाविक है। चार साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों की सेनाएं इसलिए गुत्थमगुत्था हो गई थीं कि चीन ने भारत वाले इलाके में निर्माण गतिविधियां तेज कर दी थी और उसके सैनिक भारतीय इलाके में घुस आए थे। करीब साल भर तक वहां तनाव बना रहा। फिर जब दोनों देशों की सेनाओं ने पीछे हटने का फैसला किया, तब भी चीन ने भारत के हिस्से वाले बड़े भूभाग पर अपनी दावेदारी बनाए रखी थी। कुछ सूत्रों के हवाले से यहां तक दावा किया गया कि चीन ने उन इलाकों में अपने गांव बसा लिए थे। उसके बाद चीन के विदेश मंत्रालय और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ से आश्वस्त किया गया कि चीन भारत के भीतर अशांति पैदा नहीं करेगा। मगर फिर भी उसकी हरकतें नहीं रुकीं। करीब ढाई साल पहले उसने अरुणाचल में पंद्रह जगहों के नाम बदल कर मानकीकृत कर दिया था। अब ग्यारह और स्थानों के नाम बदल दिए हैं।

## ज्ञान-विज्ञान

# पानी के अंदर 100 दिन तक रहेगा ये साइंटिस्ट...

## पहले 30 दिन का कर चुका है एक्सपेरिमेंट



**क्या आप पानी के अंदर किसी डिब्बे में बंद होकर कुछ मिनट बिता सकते हैं? अकेलापन, पानी का दबाव, सन्नाटा आपको पागल कर देगा. लेकिन एक अमेरिकी वैज्ञानिक 1 मार्च 2023 से फ्लोरिडा कीस में 30 फीट गहरे पानी में रह रहा है. एक महीने से ज्यादा हो चुका है. वैज्ञानिक का नाम है जोसेफ दितुरी उर्फ जो दितुरी.**

जोसेफ का मकसद है कि वो पानी के अंदर 100 दिन बिताने का रिकॉर्ड बनाएं. फिलहाल वो एक पानी में 592 वर्ग फीट के एक बक्से में बंद हैं. अगर उन्होंने यह काम कर लिया तो वो समुद्र के अंदर रहने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ डालेंगे. इस दौरान जोसेफ हाइपरबेरिक प्रेशर (Hyperbaric Pressure) की वजह से शरीर पर पड़ने वाले असर को जांचेंगे.

जोसेफ एक पूर्व नौसैनिक गोताखोर और बायोमेडिकल इंजीनियर हैं. हाइपरबेरिक प्रेशर यानी समुद्र की सतह पर हवा के दबाव की तुलना में पानी के अंदर मौजूद दबाव ज्यादा होता है. इसे ही हाइपरबेरिक प्रेशर कहते हैं. दितुरी का एक्सपेरिमेंट इसलिए अलग है क्योंकि जोसेफ का बक्सा पनडुब्बी की तरह सीलबंद नहीं है. उसमें कोई एयरलॉक नहीं है. बक्से के अंदर भी पानी आ-जा रहा है.

एक एयरपॉकेट, एक पूल और खुला समुद्र

बस एक ही चीज खास है कि इस बक्से में एयरपॉकेट बना है, जिसमें वो बीच-बीच में सांस लेने और सोने के लिए आते हैं. बक्से में पानी का एक पूल है. इसी पूल से वो बाहर खुले समुद्र में आते-जाते हैं. बक्से में मौजूद एयरपॉकेट समुद्री प्रेशर यानी हाइपरबेरिक प्रेशर से घिरा हुआ है. जो लगातार जोसेफ के चारों तरफ दबाव बढ़ाकर रखता है. 30 फीट की गहराई में सतह की तुलना में दोगुना हवा का प्रेशर होगा.

### ● क्या करना चाहते हैं जोसेफ दितुरी?

लंबे समय तक पानी के अंदर भारी दबाव में रहना नुकसानदेह है. एक पूर्व नौसेना गोताखोर होने की वजह से जोसेफ दितुरी ये बात जानते हैं कि उन्हें किस तरह का नुकसान हो सकता है. लेकिन वो ये भी कहते हैं कि हमारे शरीर ने पर्यावरण के हिसाब से ढलना सीखा है. कई पीढ़ियों से उसमें पर्यावरण और जलवायु के हिसाब से परिवर्तन हुए हैं. समुद्र में रहक इवोल्यूशन की प्रक्रिया को समझना आसान हो जाएगा. सिर्फ ऑक्सीजन और CO2 ही फेपड़े को मिलेंगे.



### ● कुछ दिन में वो हमेशा नशे में रह सकते हैं

ये दोनों हवा ही हमारे फेफड़ों तक जाते हैं. निकलते हैं. खून में घुलते हैं. साफ होते रहते हैं. लेकिन जब दबाव बढ़ता है तब नाइट्रोजन फेफड़ों और खून में मिलने लगता है. 33 से 98 फीट की गहराई में 30 फीट की गहराई में जोसेफ को ऐसा लगेगा जैसे उन्होंने कोई तेज नशा किया हो. इसे नार्कोसिस कहते हैं. वैज्ञानिक इसके पीछे की वजह अभी तक नहीं खोज पाए हैं.

### ● सोने-जगने की साइकिल बिगड़ सकती है

जोसेफ जहां हैं, वहां पर एक बड़ी खिड़की है, लेकिन उन्हें जमीन की तुलना में सूरज की सिर्फ आधी रोशनी ही मिल रही है. इसकी वजह से उनके सिरकार्डियन रिदम पर असर पड़ेगा. यानी शरीर की अंदरूनी घड़ी, जो शरीर के जरूरी अंगों के काम को नियंत्रित करती है. जगने और सोने के साइकिल को चलाती है. ये दिन की रोशनी पर निर्भर करती है. यानी जोसेफ की नींद खराब होने वाली है. या अब तक हो चुकी होगी.

### ● 14 दिनों में कम हो चुकी होगी इम्यूनिटी

सूरज की रोशनी कम मिलने से उन्हें विटामिन डी की कमी होगी. इससे उनकी हड्डियों का घनत्व, मांसपेशियों की कार्यशैली और इम्यूनिटी कमजोर होंगे. पानी के अंदर रहने पर 14 दिन के अंदर ही इंसानों की इम्यूनिटी कम हो जाती है. जोसेफ तो एक महीना पहले ही पानी के अंदर बिता चुके हैं. इसके लिए उन्हें विटामिन डी की गोलियां खानी होंगी. सप्लीमेंट्स या यूवी लैंप से रोशनी लेनी होगी. ताकि इम्यूनिटी को नुकसान कम हो.

### ● बीमारियों का खतरा भी ज्यादा

अगर इम्यूनिटी कमजोर हुई तो हमारे शरीर के वायरस, बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं. ऐसे में जोसेफ को यह खतरा भी है कि वो जल्द ही बीमार पड़ जाएं. ऐसे छोटे से बंद बक्से के अंदर उन्हें स्वीमिंग करके, एक्सरसाइज करके खुद को फिट रखना होगा. वो वैसा कर भी रहे हैं. ताकि मांसपेशियां, हड्डियां और इम्यूनिटी कमजोर न पड़े. क्योंकि पनडुब्बियों में रहने वाले लोग भी दो महीने में कई तरह की दिक्कतों से परेशान होने लगते हैं.

## Highlights

1. **Ex-US President Trump arrested over hush money payment to porn star Stormy Daniels**
2. **Infertility affects 1 in 6 people worldwide, says WHO report**
3. **Example of communal mindset: India on Islamic nations' remarks on Ram Navami violence**
4. **Who is Deepak Boxer, the most wanted gangster arrested from Mexico?**
5. **Twitter sued by contract workers in US for layoffs without notice**
6. **No question of my wife contesting Assembly polls: HD Kumaraswamy**
7. **Who is Jeremy Hansen, the first non-American to fly to moon?**
8. **Plants make sounds under stress, researchers release video**

# Walmart cuts over 2,000 jobs in e-commerce warehouses

**NEW DElHI, (Agency).** Walmart Inc.'s job cuts at five US e-commerce fulfilment centres will affect more than 2,000 positions, according to regulatory filings, though impacted employees may find other roles at the company.

The losses include more than 1,000 positions at a warehouse in Fort Worth, Texas, the state's workforce commission said Monday. The retail giant is also anticipating a reduction of almost 600 jobs at a Pennsylvania fulfilment centre, 400 in Florida and about 200 in New Jersey. An additional reduction is planned in California.

The regulatory filings add precision to the staffing cuts at the Walmart warehouses, which the company confirmed last month without quantifying.




Walmart is also growing in some areas as it adjusts its stores and fulfilment centres to handle more online orders, a spokesman said in an email. That may allow the company to reshuffle some workers to other jobs rather than cut them.

As a result, the net impact on total employment at Walmart, the largest private-sector employer in the US, remains uncertain. The company has avoided the kind of mass layoffs underway at rival Amazon.com Inc., which said last month it would eliminate a further 9,000 jobs in addition to 18,000 recent cuts.

# World Bank revises down India's 2023-24 growth forecast to 6.3%

**NEW DElHI, (Agency).** The World Bank on Tuesday lowered its forecast for India's economic growth in the current fiscal year that started on April 1 to 6.3% from 6.6% as it expects higher borrowing costs to hurt consumption.

To tame inflation, India's central bank has raised interest rates by 250 basis points since May.

"Rising borrowing costs and slower income growth will weigh on private consumption growth," the World Bank said in a report.

"Government consumption is projected to grow at a slower pace due to the withdrawal of pandemic-related fiscal support measures."

The World Bank estimated last fiscal year's growth at 6.9%.




It projected the current account deficit to narrow to 2.1% of gross domestic product for the current fiscal year from an estimated 3% in the previous year, on the back of robust service exports and a narrowing merchandise trade deficit.

Spillover from recent turmoil in financial markets in the United States and Europe pose a risk to short-term investment flows to emerging markets, including India, said World Bank economist Dhruv Sharma.

New Delhi

# हिरासत में लिए गए गैंगस्टर दीपक बॉक्सर को मैक्सिको से दिल्ली लाया गया, पुलिस ने बताया बड़ी कामयाबी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली पुलिस गैंगस्टर दीपक पहल उर्फ बॉक्सर को दिल्ली ले आई है। उसे एयरपोर्ट से सीधा स्पेशल सेल के जनकपुरी स्थित कार्यालय ले जाया गया। एयरपोर्ट पर उसकी निगरानी के लिए विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धारीवाल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा के साथ खुद एयरपोर्ट गए थे।**



उनकी निगरानी में उसे जनकपुरी लाया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आईएफएसओ के डीसीपी प्रशांत गौतम की देखरेख में छह सदस्य टीम मेक्सिको गई थी। इसमें तीन सदस्य तुर्किये में रुके थे, जबकि तीन सदस्य मैक्सिको गए थे। बॉक्सर को दिल्ली लाने के साथ ही अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के अफसर भी साथ आए हैं।

स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बॉक्सर को भारी सुरक्षा में सेल के कार्यालय में रखा गया है। उसे आज दोपहर बाद मकोका की कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में एक बिल्डर की हत्या समेत बॉक्सर कई मामलों में फरार चल रहा था। दिल्ली पहुंचने पर धालीवाल ने कहा कि यह एक बड़ी कामयाबी है कि समन्वित कार्रवाई के जरिए पहली बार एक अपराधी को मैक्सिको जैसी जगह से लाया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कई महीनों से उसका (गैंगस्टर दीपक बॉक्सर) पीछा कर रही थी। दिल्ली-एनसीआर में इससे बड़ा गैंगस्टर कोई दूसरा नहीं है।

Uttarakhand

## बिना लाइसेंस नहीं बेच सकेंगे आयुर्वेदिक और यूनानी दवा, IMC उत्तराखंड ने पारित किया प्रस्ताव

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री के लिए आयुर्वेदिक फार्मेसी का लाइसेंस अनिवार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अब राज्य में आयुर्वेदिक डाइटीशियन का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। लाइसेंस अनिवार्य किए जाने के बाद राज्य में बिना लाइसेंस के आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री नहीं की जा सकेगी। इसके लिए लाइसेंस लेना पड़ेगा। इस दौरान प्रस्ताव में यह भी शामिल किया गया कि आयुर्वेदिक दवाओं के साथ यूनानी दवाओं की बिक्री के लिए भी लाइसेंस लेना पड़ेगा। इस दौरान कई अन्य पहलुओं पर भी चर्चा हुई और कोर्स शुरू करने की बात कही गई है। भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड की बोर्ड बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। इस दौरान आयुर्वेद से जुड़े कई निर्णय लिए गए। भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. जेएन नौटियाल ने बताया कि बैठक में डॉ. वीरेन्द्र चन्द को चिकित्सा परिषद का उपाध्यक्ष, डॉ विशाल वर्मा को संकाय उपाध्यक्ष, डॉ दिनेश जोशी को संकाय सदस्य, डॉ धीरज आर्य को सलाहकार समिति का संयोजक तथा डॉ सुनील कुमार रतूड़ी को सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है ।

Haryana

## भैंस भागने गया युवक, कपड़ा सुखाने के लिए बांधी रस्सी का बन गया फंदा, हुई मौत

**रेवाड़ी, (एजेंसी)** रेवाड़ी के बावल उपमंडल के गांव काठूवास में मंगलवार को एक युवक की गले में कपड़ा सुखाने के लिए बांधी गई रस्सी का फंदा लगने से मौत हो गई। युवक अपनी भैंस को लेकर जा रहा था। भैंस के अचानक भागने से रस्सी युवक के गले में उलझ गई। कसौला थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस के अनुसार गांव काठूवास के रहने वाले 31 वर्षीय प्रवीन मंगलवार को परिवार के साथ खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। दोपहर के समय वह पशुओं को चारा डालने के लिए घर आए थे। प्रवीन अपनी भैंस प्लॉट में बांधने के लिए लेकर जा रहे थे। अचानक भैंस भागने लगी और प्रवीन बेल पकड़ कर उसे रोकने के लिए साथ-साथ दौड़ने लगे।

इसी दौरान प्लॉट में कपड़े सुखाने के लिए बांधी गई रस्सी प्रवीन के गले में उलझ गई और फंदा लग गया। भैंस काफी देर तक भागती रही, जिसकी वजह से प्रवीन के गले में लगा फंदा कसता ही चला गया। पड़ोसियों ने मौके पर पहुंच कर भैंस को पकड़ कर बांधा और प्रवीन के गले में लगा फंदा हटा कर बावल स्थित अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

Bihar

## बिहार में तेज हवाओं से बढ़ीं आग लगने की घटनाएं 4 लोगों की मौत, 16 जिलों में भारी नुकसान

**पटना, (एजेंसी)** बिहार तेज पछुआ हवाओं के कारण आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विभिन्न जिलों में अलगली के चलते चार लोगों की मौत हो गई। साथ ही सैकड़ों एकड़ में लगी फसल भी जलकर राख हो गई। मृतकों में दो पटना, एक बक्सर और एक सीतामढ़ी जिले के हैं। आगजनी की घटनाएं 16 जिलों में हुई। 9 जिलों में कहीं बड़े पैमाने पर तो कहीं आंशिक रूप से फसल को नुकसान पहुंचा है।

जहानाबाद के बंभई और पान बीघा गांव में 57 किसानों की ढाई सौ बीघा में गेहूं की



फसल स्वाहा हो गई। अब इन किसानों के सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि किसी शख्स ने सिगरेट पीकर खेत में फेंक दी थी, जिसके बाद आग भड़क गई और तेज हवा की वजह से वो तेजी से फैलती गई। सीतामढ़ी के जयनगर गांव में भी चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में 4 साल का मासूम जिंदा जल गया। 6 लोगों के घर और लाखों के सामान राख हो गए।

बक्सर के करमा गांव में झोपड़ी में आग लगने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कैमूर, छपरा, बेगूसराय, रोहतास, सीवान, गोपालगंज, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, मुंगेर में भी फसलों को नुकसान हुआ। वहीं, पश्चिम चंपारण, मधुबनी और दरभंगा में और 6 मवेशी जलकर मर गए।

खेल

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस की लगातार दूसरी जीत

### सुदर्शन-शमी और राशिद का कमाल

**नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को लगातार दूसरी बार हरा दिया है। उसने पिछले सीजन में मिली जीत को आज आगे बढ़ाया। गुजरात ने मंगलवार (चार अप्रैल) को दिल्ली के खिलाफ छह विकेट से जीत हासिल की। पिछली बार 2022 में उसने पुणे में दिल्ली को 14 रन से हराया था। अरुण जेटली स्टेडियम में हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 163 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।**



गुजरात की मौजूदा सीजन में यह लगातार दूसरी जीत है। उसने उद्घाटन मुकाले में चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को हराया था। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी हार है। पिछले मैच में उसे लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शिकस्त मिली थी।

गुजरात का अगला मुकाबला रविवार (नौ अप्रैल) को अहमदाबाद में कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। वहीं, दिल्ली को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार (आठ अप्रैल) को खेलना है।

20 साल के बल्लेबाज साई सुदर्शन के नाबाद अर्धशतक लगाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। सुदर्शन ने 48 गेंद पर नाबाद 62 रन बनाए। डेविड मिलर 16 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। विजय शंकर ने 23 गेंद पर 29 रन बनाए। उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया था।

ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने 14-14 रन बनाए। हार्दिक पांड्या ने पांच रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए एनरिच नोर्जे ने दो विकेट लिए। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक सफलता मिली।

दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार झटके लगने के बाद किसी तरह 162 रन बनाए। उसके लिए कप्तान डेविड वॉर्नर ने 32 गेंद पर 37 और उपकप्तान अक्षर पटेल ने 22 गेंद पर 36 रन बनाए। सरफराज खान 30 और अभिषेक पोरेल 20 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## ना राम ने पहना जनेऊ ना सीता ने लगाया सिंदूर... 'आदिपुरुष' का नया पोस्टर आते ही विवाद




फिल्म 'आदिपुरुष' से विवाद छूटने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म का टीजर जब आया था तो मेकर्स से लेकर एक्टर्स तक को ट्रोल किया गया। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया। इसी के साथ अब मेकर्स नए विवादों में घिरते दिख रहे हैं। मुंबई के साकीनाका पुलिस स्टेशन में प्रभास, कृति सेनन, डायरेक्टर ओम राउत और प्रोड्यूसर भूषण कुमार के खिलाफ खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता को कलाकारों के पहनावे को लेकर आपत्ति है। उसका कहना है कि यह सनातन धर्म का अपमान है। यह शिकायत संजय दीनानाथ तिवारी नाम के शख्स ने की है। मुंबई हाईकोर्ट के वकीलों आशीष राय और पंकज मिश्रा के जरिए शिकायत दर्ज करवाई गई है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्ज कराई शिकायत में कहा गया है कि फिल्म के नए पोस्टर में हिंदू धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस के चरित्रों को गलत तरीके से फिल्ममेकर्स ने दिखाया है। ऐसा करके उन्होंने हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह शिकायत भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए), 298, 500, 34 के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर की गई है।

# ट्रांसपोर्टर को मार डाला बदमाशों ने मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुरानी रंजीश के चलते लोहा मंडी में ट्रांसपोर्टर पर तीन लोगों ने चाकू से हत्या कर दी। तीनों ने ट्रांसपोर्टर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घायल को गंभीर अवस्था में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक लोहा मंडी में सचिन शर्मा का खाचरोद गोल्डन के नाम से ट्रांसपोर्ट है। मंगलवार देर रात लोहा मंडी में शाहरुख, मोहसिन और पंकज ने सचिन पर चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस के अनुसार होली पर इन तीनों का सचिन से विवाद हो गया था।

पुलिस के मुताबिक सचिन परदेशीपुरा का रहने वाला है और लोहा मंडी में ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है। होली का रंग लगने को लेकर परदेशीपुरा क्षेत्र में ही रहने वाले तीनो आरोपितों से विवाद हो गया था। पुरानी रंजिश में हमला किया गया है। हालत गंभीर होने से सचिन के बयान नहीं हो सके हैं।

## ● युवक पर हमला

लेन देने के विवाद में एक युवक और उसके भाई पर आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। खजराना पुलिस के मुताबिक जफर पिता अहमद शेख निवासी ताजनगर की शिकायत पर आरोपी आदिल,अमन,फारूख और शाहरूख के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह ताज नगर में हुसैनी मस्जिद से नामज पढकर बाहर निकला तभी आरोपी आदिल और उसका भाई वंहा पर मिले वे उधार दिए पैसे मांगने लगे जब उन्हें कहा कि अभी पैसे नहीं है वह इंतजाम होते ही दे देगा तो दोनों ने विवाद और मरापीट शुरू कर दी। जब बचाने के लिए इसका भाई आया तो आरोपियों ने उससे भी मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अरापीो के दो अन्य साथी भी आ गए और लात घूंसों से पीटा।

# सेवानिवृत्त होने वाले 8 पुलिस अधिकारियों को दी बिदाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सेवानिवृत्त होने वाले 8 पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागृह में आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस कमिश्नर मकरंद देउसकर सहित अन्य मातहत अधिकारी उपस्थित थे।**

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक कामता प्रसाद पाराशर सहायक उपनिरीक्षक नाथूराम राजोरिया नरेश सिंह भदोरिया रमेश देवरिया प्रधान आरक्षक किशोरी लाल उबेर सिंह रामचंद्र शेख मुख्तियार और उनके परिजन एवं कार्यालय लीन स्टॉप और अन्य पुलिस कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों का साल श्रीफल मोमेंटो एवं पुरुष के साथ पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउसकर ने कहा कि आप सभी ने अनुशासित पुलिस विभाग में चुनौतीपूर्ण ड्यूटी करते हुए अपने जीवन का मूल्य समय देकर जनता की सेवा की है। अब आपको स्वयं एवं परिवार को समय देने की बारी है। जीवन की इस नई पारी को अपने परिवार के साथ खूब हंसी खुशी के साथ रचनात्मकता के साथ गुजारे। सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा भी अपनी सेवाओं के दौरान खट्टे मीठे पलों को यादगार लम्हों के साथ सभी के साथ साझा किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर बड़े ही भाव विभोर हो विदाई ली।

# दो युवतियों की अस्मत लूटी

**इंदौर। लसूडिय़ा और आजाद नगर थाना क्षेत्र में दो युवतियों से दुष्कर्म के मामलों में पुलिस ने पीड़िताओं की शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। दोनों ही युवतियों को आरोपियों ने शादी करने का झांसा दिया और फिर उनके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। कई बार उनकी आबरू खिलवाड़ किया और फिर शादी से इनकार कर दिया। इस पर दोनों ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।**

लसूडिया क्षेत्र में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि यश यादव निवासी गंगा नगर देवास से दोस्ती थी और दोस्ती प्यार में बदल गई। यश यादव ने शादी का झांसा देकर उसे महालक्ष्मी नगर स्थित श्री राम पैलेस होटल ले जाकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। यश ने धमकाया की अगर तूने घटना की जानकारी पुलिस या परिजन को दी तो तुझे और तेरे माता-पिता की हत्या कर दूंगा। पीड़िता के मुताबिक 4 अप्रैल को यश ने उसे होटल बुलाया और रेप किया तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। लसूडिय़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 323 506 का प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार आजाद नगर थाना अंतर्गत राजनंदन कालोनी नौलखा में किराए के मकान में रहने वाली 27 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर आरोपी रितिक गुप्ता निवासी कैलाशपुरी कॉलोनी जबलपुर हाल मुकाम नौलखा के खिलाफ धारा 376 और 506 का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ रेप किया। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने मारपीट की और शादी से इंकार कर धमकी देकर भाग गया। आजाद नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में उसी के दोस्त को गिरफ्तार किया है जिसने उसे शादी का झांसा दिया था। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार महेश्वर निवासी धीरज पिता श्यामलाल मंडलोई इंदौर में कुछ समय से पढाई कर रहा था जिसने अपने साथ कालेज में पढने वाली एक युवती को झांसे में लिया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म कर डाला जब लड़की ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह मुकर गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ठेले वाले को मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाइक को टल्ला लग जाने के बाद आरोपियों ने एक ठेले वाले को चाकू घोंप कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना लसूडिय़ा क्षेत्र में स्थित प्रकाश पंप के पास हुई। घायल का नाम सोम कुशवाहा निवासी ब्रिटिश पार्क फेज टू है उसकी रिपोर्ट पर मोटर साइकिल चालक और उसके एक साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। घायल ने पुलिस को बताया कि वह गन्ने का ठेला लगाता है जब प्रकाश पंप के पास से जा रहा था तभी उसके ठेले से टल्ला लग जाने पर खड़ी हुई मोटरसाइकिल गिर गई थी। इसी बात पर बाइक चालक अपने साथी के साथ आया और गालियां देने लगा जब उसे गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने पीटा और चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## टक्कर के बाद मारपीट

**इंदौर**। जूनी इंदौर क्षेत्र में दो वाहन टकराने के बाद मारपीट हो गई जिसमें एक वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि पलसीकर चौराहे पर हुए विवाद के दौरान काफी भीड़ जमा हो गई। भीड़ में से किसी ने एक वाहन के चालक अबरार उर्फ गोलू पिता अब्दुल पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। अबरार को इळाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्कूल के प्रिंसिपल ने की छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मानपुर थाना क्षेत्र के नवोदय विद्यालय में परामर्श दात्री के रूप में नौकरी करने वाली दलित युवती ने पुलिस को बताया कि उसने 14 सितंबर 2021 से 13 जून 2022 तक नौकरी की इसी दौरान प्रिंसिपल ओमप्रकाश शर्मा ने उसके साथ अश्लील हरकत की विरोध किया तो जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

## ● घर में घुसकर हरकत

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर वह घर में अकेली थी तभी आरोपी इरफान पिता महमूद खान घुस आया और छेड़छाड़ कर उसके अश्लील हरकत करने लगा विरोध करने पर धमकी देकर भाग गया । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।